विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2023/797 दिनांक :18/8/2023

–:: संशोधित अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययनशाला में संचालित सत्र 2022–23 के बी.एससी. ऑनर्स (एग्रीकल्चर) द्वितीय सेमेस्टर (नियमित/पूर्व/एटीकेटी) परीक्षाओं के आवेदन पत्र सम्बन्धित अध्ययनशाला में एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से जमा करवाये जाने हेतु तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती है :–

1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**
   19 अगस्त, 2023 से 25 अगस्त, 2023 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**
   26 अगस्त, 2023 से 28 अगस्त, 2023 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**
   29 अगस्त, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**
   "दिनांक 01 सितम्बर, 2023 से परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक"

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश –

01) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष. संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशाला की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

02) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशाला परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/– प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशाला संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

03) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/– संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करेंगे।

04) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

05) संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/– (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

07) समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता/निरंतरता प्रमाण–पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें इसके अभाव में परीक्षा आवेदनपत्र स्वीकार्य नहीं किये जावेगें।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक/परीक्षा/2023/738 दिनांक : 18/8/2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य संबंधित संस्थान/ उज्जैन की ओर भेजकर निवेदनहैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/अध्ययनशाला/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)